
हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, रविवार, 21 दिसम्बर 2025
अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

2 शहर में सुबह 10 बजे तक छाया घना कोहरा





अम्बिकापुर। कड़ाके की ठण्ड के बीच मैनपाट की सुहानी सुबह।

## खबर संक्षेप

### 11 सूत्रीय मांगों के समर्थन में तीन दिन शासकीय वाहन होंगे ठप

**सूरजपुर।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन द्वारा 11 सूत्रीय मांगों के समर्थन में तीन दिन शासकीय वाहन ठप होंगे। प्रदेश शासकीय, अर्ध शासकीय वाहन चालक एवं यांत्रिकी कर्मचारी संघ के प्रातांध्यक्ष ताराचंद साहू के मार्गदर्शन पर उप प्रातांध्यक्ष आसन सिंह शांडिल्य प्रदेश महामंत्री रमेश राजवाड़े जिला अध्यक्ष परमेश्वर राम देवांगन ने छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के संयोजक कमल वर्मा से सर्किट हाउस में भेंट मुलाकात की। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन की संभागीय बैठक जिला चिकित्सालय के सभागार में संपन्न हुई। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन द्वारा डीए, वेतन विसंगति, कैशलेस सुविधा सहित 11 सूत्रीय मांगों के समर्थन में 29 से 31 दिसंबर को तीन दिवसीय हड़ताल का शंखनाद किया गया है जिसमें छत्तीसगढ़ प्रदेश के शासकीय अर्ध शासकीय वाहन चालक एवं यांत्रिकी कर्मचारी संघ ने भी समर्थन किया है। बैठक में संघ के कृपाल सिंह. सुनील हितकर. विजय यादव व अन्य सदस्य मौजूद थे

### नशे में युवक ने पी लिया कीटनाशक, मौत

**अम्बिकापुर।** नशे में धुत युवक ने कीटनाशक पी लिया। परिजन युवक को निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार जयनगर थाना अंतर्गत ग्राम सिलफिली कमलपुर निवासी आकाश सरकार आ. सुदेव सरकार (21 वर्ष) 15 दिसंबर को परिजन को बिना बताए घर से निकला था। इसी बीच पिता काम कर घर लौटा और पुत्र को घर मे न देख पूछताछ किया तो परिजन ने जानकारी नहीं होने की बात बताई। जिस पर पिता ने पुत्र को फोन किया तो पुत्र ने घर आने की बात कही। कुछ समय बाद आकाश नशे में धुत होकर घर पहुंचा और उल्टी करने लगा। पूछताछ करने पर आकाश ने बताया कि नशे में कीटनाशक पी लिया है। परिजन युवक को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार गंभीर

**अम्बिकापुर/सेदम।** बेटी को लेने जा रहे बाइक सवार को एनएच 43 कुनकुरी के समीप विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्राम सुवारपारा पालीहारीडुगु निवासी गिरधर आ. झांगम (33 वर्ष) स्कूल की छुट्टी होने पर आज अपनी बेटी को लेने बाइक क्रमांक सीजी 15 डीक्यू 5772 से वेलकोटा हॉस्टल जा रहा था। जैसे ही बाइक सवार एनएच 43 कुनकुरी पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार फरार हो गया। दुर्घटना में बाइक सवार पैर में गंभीर चोट लगने से मौके पर ही अचेत हो गया। इधर घटना को देख लोगों ने घायल को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने घायल की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां घायल का उपचार जारी है।

### पिकअप चालक ने बाइक सवारों को मारी टक्कर

**बिश्रामपुर।** धान पलटी करने कंदरई खरीदी केंद्र जा रहे युवकों की बाइक को पिकअप चालक ने टक्कर मार दी,जयनगर पुलिस ने बताया कि ग्राम जमदेई निवासी प्रार्थी मोनू सिदार पिता लगन राम शनिवार की सुबह अपनी बजाज प्लेटिना मोटरसाइकिल में विजय सिदार व सलित सिदार के साथ कंदरई खरीदी केंद्र में धान पलटी करने जा रहा था,इसी दौरान ग्राम जमदेई माझापारा मोड़ के पास पिकअप चालक ने बाइक सवारों को टक्कर मार दी,दुर्घटना में बाइक सवार विजय सिदार व सलित सिदार को चोट आई है,सूचना पर पुलिस ने पिकअप चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की है।

### दूसरे दिन तीनों ने निकाले थे बाघ के दांत

# बाघ का शिकार करने के मामले में विभाग ने तीन अन्य आरोपियों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बाघ का शिकार करने एवं बाघ के दांत एवं नाखून निकालने के मामले में वन अधिकारियों ने तीन अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों से अधिकारियों ने दांत निकालने में उपयोग किए गए हथियार सहित अन्य सामग्री जब्त किया है। मामले में अब तक भैसामुंडा की महिला सरपंच सिसका कुजूर सहित 9 आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं। बाघ का शिकार करने एवं उसके दांत, नाखून, मूंछ के बाल उखाड़ने के मामले में नए-नए खुलासे हो रहे हैं। पूर्व में गिरफ्तार किए गए आरोपियों से मिली जानकारी के आधार पर अधिकारियों ने ग्राम परसडीहा निवासी अच्छेलाल आ.मोहन तथा भैसामुण्डा निवासी विष्णु आ.कालिका एवं प्रेमचंद आ.अम्बिका को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो आरोपियों ने हैरान करने वाली जानकारी दी। वन अधिकारियों के अनुसार परसडीहा निवासी अच्छेलाल बुधवार को अपनी पत्नी के साथ घोंघा जंगल से गुजरने के दौरान बाघ को सोते देखा था तथा डर से वापस घर लौट गया था। उसे नहीं मालूम था कि करंट की चपेट में आने से बाघ की मौत हो चुकी है। दूसरे दिन उसने घटना की जानकारी अपने दोस्त ग्राम भैसामुण्डा निवासी विष्णु पिता कालिका एवं प्रेमचंद पिता अम्बिका को दी तथा तीनों गुरूवार को बाघ को देखने जंगल पहुंचे। बाघ को यथास्थिति लेटे देख उसकी मौत होने की संभावना पर तीनों घटनास्थल पर पहुंचे तथा इत्मिनान से बाघ के दांत निकाले तथा उसकी मूंछ के बाल उखाड़ लिए। वापस लौटकर अच्छेलाल ने महिला सरपंच सिसका कुजूर को बाघ की मौत होने की जानकारी दी। सरपंच सिसका कुजूर ने वन अधिकारियों को जंगल में बाघ का शव पड़ा होने की जानकारी दी थी।

#### खास बातें

- महिला सरपंच के पकड़े जाने पर आग के हवाले किया दांत व मूंछ के बाल
- जीआई तार, फंदा, अधजले बाल सहित अन्य सामग्री बरामद
- अब तक 9 आरोपी गिरफ्तार



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

#### महिला सरपंच ने उखाड़ा था नाखून

वन अधिकारियों को बाघ की मौत होने की सूचना देने के पूर्व महिला सरपंच सिसका कुजूर खुद ही पहले बाघ के शव के पास पहुंची एवं बाघ के नाखून व मूंछ के बालों को उखाड़ा तथा घर पहुंचकर वन अधिकारियों को घटना की सूचना दी। जांच के दौरान वन अधिकारियों ने सरपंच से बाघ के दो नाखून व मूंछ के बाल जब्त करने के साथ ही उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वन अधिकारियों का कहना है कि जैसे ही इसकी सूचना मिली गिरफ्तार होने के डर से आरोपियों ने बाघ के दांत व मूंछ के बाद को आग के हवाले कर दिया। आरोपियों की निशानदेही पर वन अधिकारियों ने उस स्थल का निरीक्षण भी किया जहां आरोपी नियमित तापने के लिए आग जलाते थे। स्थल पर राख के अतिरिक्त कुछ भी नहीं मिला।

#### गायब थे 8 नाखून व चार दांत

आरोपियों ने बेरहमी पूर्वक धारदार हथियार से बाघ के अगले दोनों पैर के पंजों से चार-चार नाखून जबड़े से ऊपर-नीचे के चार दांत निकाले थे। वन अधिकारियों ने महिला सरपंच से मात्र दो दांत व बाघ के मूंछ के बाल बरामद किए हैं। बाघ के अन्य 6 नाखून व दांत अब तक जब्त नहीं हो सके हैं। उच्च न्यायालय द्वारा मामले में संज्ञान लेने के बाद रेंजर से डीएफओ तक के अधिकारियों ने अपने मोबाइल स्वीच ऑफ कर दिए हैं तथा मामले से संबंधित कोई भी जानकारी नहीं दे रहे है। वरिष्ठ अधिकारी भी डीएफओं द्वारा मामले की जांच करने का हवाला देकर कुछ भी बताने से बच रहे हैं।

#### बिट गार्ड निलंबित

शिकार के लिए लगाए गए करंट के फंदे की चपेट में आने से बाघ की मौत होने के मामले में विभाग ने बिटगार्ड रवि विश्वकर्मा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है वहीं डिप्टी रेंजर को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। जिस दिन बाघ की मौत होने की जानकारी मिली उसके 6 दिन पूर्व ही बाघ की मौत हो चुकी थी। बाघ का शव मिलने के एक दिन पूर्व ही घुई रेंज की जिम्मेदारी प्रशिक्षु आईएएस को सौंपी गई थी जबकि बाघ की करंट से मौत होने के पूर्व विभाग ने मेवालाल पटेल को रेंज की जिम्मेदारी सौंपी थी। विभाग द्वारा वन परिक्षेत्राधिकारी मेवालाल पटेल को एक साथ बिहारपुर ओड़गी एवं घुई रेंज की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। विभाग की कार्रवाई पर सवाल उठ रहे हैं तथा वनकर्मी विभाग पर अन्य दोषी अधिकारी-कर्मचारी को बचाने का आरोप लगा रहे है।

#### चल रही जांच

बाघ का शिकार करने के मामले की जांच चल रही है। सूचना के आधार पर मामले में अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।
**-दुलेश्वर साहू**, डीएफओ, सूरजपुर



# शासन की योजनाओं को हितग्राहियों तक पहुंचाना होगी पहली प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा के नवपदस्थ कलेक्टर अजीत वसंत ने शुक्रवार को अपना पदभार ग्रहण कर लिया है। पदभार ग्रहण करने के बाद शनिवार को उन्होंने पत्रकारों से चर्चा की। इस दौरान नवपदस्थ कलेक्टर श्री वसंत ने कहा कि शासन की महत्वपूर्ण योजनाएं हितग्राहियों तक पहुंचाने के साथ ही जिले का प्रदर्शन उत्कृष्ट करना और जिले में बेहतर प्रशासनिक माहौल निर्मित करना उनकी पहली प्राथमिकता होगी।

उन्होंने कहा जिले में धान खरीदी को लेकर पर्याप्त तैयारी की गई है और धान खरीदी का सिलसिला जारी है। कुछ स्थानों पर किसानों को रकबा-खसरा को लेकर समस्याएं आ रही है और इन समस्याओं के निराकरण हेतु एसडीएम की निगरानी में समिति और तहसीलदार कार्य करेंगे। धान बिक्री करने में किसी भी किसान को कोई दिक्कत नहीं होगी। हमारा प्रयास है कि अपात्र लोगों व बाहरी लोगों का धान समितियों में ना किए जबकि पात्र किसानों को धान बिक्री में कोई परेशानी नहीं आनी चाहिए। समितियों में धान खरीदी हेतु प्रतिदिन का लिमिट कम होने से हो रही समस्याओं को लेकर कलेक्टर श्री वसंत ने कहा प्रतिदिन के लिमिट को लेकर विभाग से जानकारी लेने के साथ ही इसका परीक्षण किया जाएगा। अगर लिमिट बढ़ाने की जरुरत होगी तो इस संबंध में शासन को प्रस्ताव भेजा जाएगा। इसके साथ ही कलेक्टर ने कहा कि स्वास्थ्य और शिक्षा विभाग पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। शिक्षकों की स्कूल में उपस्थिति बनी रहे और बच्चों को मध्यान्ह भोजन मिले इसका ध्यान रखा जाएगा। पर्यटन को लेकर कलेक्टर ने कहा कि सरगुजा जिले में पर्यटन की अपार संभावनाएं है और पर्यटन को विकसित करने के लिए प्रयास किए जाएंगे। इस दौरान अपर कलेक्टर सुनील नायक व अन्य मौजूद थे।

- नवपदस्थ कलेक्टर ने कहा-समिति में खरीदी की लिमिट बढ़ाने कराएंगे परीक्षण

# कोहरे से जन जीवन प्रभावित, मैदानी इलाकों में पारा पहुंचा 4 डिग्री से नीचे

**अम्बिकापुर।** फिलहाल कड़ाके की ठंड एवं कोहरे से राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। मौसम विज्ञानी उत्तर भारत में पछुआ विक्षोभ की सक्रियता बनी रहने के कारण मौसम में उतार-चढ़ाव का क्रम जारी रहने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं।

पूर्व में उत्तर भारत में सक्रिय पछुआ विक्षोभ के पीछे की सर्द हवाएं कोहरे के साथ सरगुजा से गुजर रही है। पश्चिमोत्तर की सर्द हवाओं के पहुंचने से मैदानी एवं पठारी क्षेत्रों के तापमान में तेज गिरावट दर्ज की गई है। पठारी क्षेत्र मैनपाट का पारा शनिवार को भी 2.0 डिग्री पर स्थिर रहा जबकि मैदानी क्षेत्रों का तापमान 4.0 डिग्री के नीचे पहुंच गया है। शनिवार को भी सुबह 8 बजे तक घना कोहरा छाने के कारण जनजीवन प्रभावित रहा। रात में भी कोहरे का प्रभाव देखा गया। मौसम विज्ञानी उत्तर भारत में सक्रिय पछुआ विक्षोभ के प्रभाव से एक दो दिन बाद न्यूनतम तापमान में 1.5 डिग्री तक की वृद्धि होने एवं कोहरा के घनत्व में कमी आने की संभावना व्यक्त कर रहे है। उत्तर भारत में एक पछुआ विक्षोभ सक्रिय है जबकि दूसरा विक्षोभ तेजी से उत्तर भारत की ओर अग्रसर है। ऐसे में आगे भी मौसम में उतार-चढ़ाव का क्रम जारी रहने की संभावना जताई जा रही है।



# क्रिसमस की छुट्टियों के बीच शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण का आदेश

**अंबिकापुर।** क्रिसमस की छुट्टियों के बीच स्कूल शिक्षा विभाग ने प्रशिक्षण का आदेश जारी कर दिया है। यह आदेश विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा जारी किया गया है जिसके बाद प्राचार्यों में भी असमंजस की स्थिति है। हालांकि मामला संज्ञान में आने के बाद जिला शिक्षा अधिकारी ने इस आदेश को निरस्त कर दिया है और अब क्रिसमस अवकाश के बाद ही इस तरह के प्रशिक्षण आयोजित किए जाएंगे। बता दें कि विकासखंड शिक्षा अधिकारी अंबिकापुर द्वारा 17 दिसम्बर को एक आदेश जारी किया गया है जिसके तहत शासकीय हाई-हायर सेकेंडरी स्कूलों में पदस्थ व्याख्याताओं का विकासखंड स्तर पर 5 दिवसीय ब्लूप्रिंट, प्रश्न निर्माण एवं शिक्षण शास्त्र पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 22 से 27 दिसम्बर तक किया गया है। यह प्रशिक्षण डाईट में सुबह 10 से शाम 5 बजे तक होना था। बीईओ ने शासकीय हाई स्कूल, हायर सेकेंडरी स्कूल, सेजेस स्कूल के प्राचार्यों को आदेश जारी कर संस्था के गणित, भौतिकी के सभी व्याख्याताओं के साथ ही रसायन व जीव विज्ञान के ऐसे व्याख्याता जिन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त नहीं है उन सभी प्रशिक्षण में शामिल होने के निर्देश दिए गए थे। बीईओ अंबिकापुर के इस आदेश एक बाद शिक्षकों में रोष का माहौल था। क्रिसमस की छुट्टियों में इस प्रशिक्षण को लेकर शिक्षकों ने नाराजगी जाहिर की जिसके बाद डीईओ ने इस आदेश को फिलहाल निरस्त करने का निर्देश दिया है। जिला शिक्षा अधिकारी दिनेश झा ने बताया कि बीईओ द्वारा प्रशिक्षण को लेकर आदेश जारी करने का मामला संज्ञान में आया है। आदेश को निरस्त करने के निर्देश दिए गए है। सभी प्रशिक्षण अवकाश समाप्ति के बाद आयोजित किए जाएंगे।

- बीईओ ने जारी किया आदेश, नाराजगी के बाद डीईओ ने किया निरस्त

### पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने ली एसआईआर को लेकर बैठक

# मतदाता सूचियों के प्रारंभिक प्रकाशन के बाद बीएलए पर होगी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय राजीव भवन में शनिवार को पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने समीक्षा बैठक की। एसआईआर की प्रक्रिया के प्रारंभ होने के उपरांत ये उनकी द्वारा ली गई चौथी समीक्षा बैठक है। इस बैठक में एसआईआर को लेकर गठित लोकसभा, विधानसभा, ब्लॉक कांग्रेस के प्रभारी और सह प्रभारियों के अतिरिक्त ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष एवं मंडल अध्यक्ष मौजूद थे।

एसआईआर में गणना प्रपत्र के वितरण और उनके एकत्रीकरण के लिए पूर्व निर्धारित तिथि 4 दिसंबर को दो बार 7-7 दिनों तक बढाने के उपरांत 18 दिसंबर इसकी अंतिम तिथि थी। समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व उपमुख्यमंत्री ने कहा कि 23 दिसंबर को मतदाता सूचियों का मसौदा प्रकाशन के बाद पार्टी के मंडल अध्यक्ष और बीएलए पर महत्वपूर्ण जवाबदेही आ जाएगी। प्रकाशित मतदाता सूचियों में जिन वैध मतदाताओं का नाम नहीं आएगा उनके सहयोग के लिए दावा प्रस्तुत करना होगा साथ ही मतदाता सूचियों में जुड़े गलत नामों को भी तलाश कर इन नामों पर अपनी आपत्ति दर्ज करानी होगी। गहन पुनरीक्षण के दूसरे चरण में बीएलए के महत्व को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि बूथ पर बीएलए के हाथ में ही पार्टी की पूरी बागडोर है।

उन्होंने कांग्रेस के सभी वरिष्ठ, कनिष्ठ नेताओं सहित सभी पदाधिकारियों को तत्काल एक एक बूथ की जिम्मेदारी लेने का निर्देश भी दिया। उन्होंने कहा कि सभी अपने अपने बूथ का नम्बर जिला कांग्रेस कमेटी को देकर तत्काल प्रभाव से उस बूथ पर एसआईआर के प्रबंधन में बीएलए को सहयोग प्रदान करें।






## खबर संक्षेप

### हॉस्पिटल से डिस्चार्ज हुए विधायक भईयालाल



**बैकुण्ठपुर।** काफी दिनों से अस्वस्थ्य चल रहे क्षेत्रीय विधायक और पूर्व मंत्री भईयालाल राजवाड़े बीते दिवस रायपुर में हॉस्पिटल से डिर्स्चाज कर दिए गए हैं। विधायक श्री राजवाड़े ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि जिंदगी की इस मुश्किल घड़ी में जब मैं घर से दूर हॉस्पिटल के कमरे में अकेलापन महसूस कर रहा था, तभी मेरे विधानसभा के शुभ चिंतक देखने आए, दवाइयों से ज्यादा सभी का साथ काम कर गया। 38 दिनों के उपचार के बाद हॉस्पिटल से डिस्चार्ज हो कर रायपुर स्थित धर्मपुरा निवास में 10 दिनों तक रायपुर में रहकर फिजियोथैरेपी का इलाज कराऊंगा। इस दौरान उन्होंने हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. राजकुमार बरनवाल, सुनील बलानी और डॉ.सचिन का आभार जताया, जिनकी देखरेख में उनका नियमित उपचार किया गया।

### वेदांती महाराज ने सुदामा चरित्र पर डाला प्रकाश

**अनूपपुर।** श्रीराम वल्लभाकुंज जानकी घाट अयोध्या के पीठाधीश्वर, प्रतिष्ठित संत श्रीरामदास वेदांती महाराज ने वरिष्ठ पत्रकार राजकुमार शुक्ला बंधुओ के निज निवास में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह के अंतिम दिन सुदामा चरित्र पर गहरा प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सुदामा जी केवल गरीबी में नहीं, बल्कि विनम्रता और अटूट भक्ति में भी हमारे आदर्श हैं। उनका छोटा चावल का उपहार, भगवान श्रीकृष्ण को अनमोल लगा, क्योंकि उसमें निष्कलंक प्रेम ही था। महाराज ने बताया कि सुदामा की पत्नी के बार-बार आग्रह पर ही वह द्वारका पहुंचे और जब द्वारपालों ने उनका परिचय दिया तो भगवान श्रीकृष्ण नंगे पैर दौड़ते हुए आए और अपने सखा को गले लगा लिया। इस मिलन ने श्रोताओं को यह सिखाया कि सच्ची मित्रता धन-संपत्ति से नहीं, बल्कि हृदय की शुद्धता से बनती है।

### जय कुमार बिजुरी ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष

**बिजुरी।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रदेशभर के सभी ब्लॉक



अध्यक्ष एवं उप ब्लॉक अध्यक्षों की सूची जारी की गई। जारी सूची में कांग्रेस पार्टी के युवा नेता जय कुमार छड़ी को बिजुरी ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनके नाम की घोषणा होते ही समूचे कोयलांचल क्षेत्र में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच खुशी की लहर दौड़ गई। गौरतलब है कि जय कुमार छड़ी को एक युवा, सक्रिय एवं तेज-तर्रार नेता के रूप में जाना जाता है।

### कोरिया को कुष्ठ मुक्त बनाना है

**बैकुण्ठपुर।** राज्य में कुष्ठ उन्मूलन के उद्देश्य से राज्य द्वारा प्राप्त निर्देशानुसार जिले में कुष्ठ रोग के उन्मूलन के उद्देश्य से समुदाय में कुष्ठ रोग के संक्रमण को रोकने के लिए कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देश एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर प्रशांत सिंह के मार्गदर्शन में जिले में कुष्ठ रोग के उन्मूलन के उद्देश्य से प्रत्येक रोगियों का प्रारंभिक अवस्था में पहचान कर उपचार किया जाना अत्यंत आवश्यक है, ताकि रोग के प्रसार में नियंत्रण हो एवं कुष्ठ संबंधी विकलांगता से बचाया जा सके, इसके लिए जिले के सभी विकासखंड सोनहत, पटना, तहसील बचरापोड़ी एवं शहरी क्षेत्र में 31 दिसंबर तक सघन कुष्ठ खोज अभियान चलाया जा रहा है। स्वास्थ्य अमलों द्वारा घर-घर भ्रमण कर कुष्ठ के संभावित व्यक्तियों की पहचान कर उनकी जांच एवं पुष्टि की जा रही है। एवं धनात्मक रोगियों की उपचार किया जा रहा है। अतः अभियान के गुणवत्ता पूर्ण क्रियान्वयन के लिए सभी की सहभागिता आवश्यक है। कोरिया मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.प्रशांत सिंह द्वारा आम जनता से अपील की गई है कि सभी इस अभियान को सफल बनाने के लिए अपने पास के स्वास्थ्य केन्द्र पर जाकर अपना कुष्ठरोग की जांच अवश्य करवाएं, कोरिया को कुष्ठ रोग मुक्त बनाने में अपनी जिम्मेदारी निभाएं।

दिन में जली वाहनों की लाइट और अलाव

# शहर में सुबह 10 बजे तक छाया घना कोहरा



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया जिला दो दिनों से कोहरे के आगोश में समा रहा है। बीते शनिवार को तड़के से छाया कोहरा दिन निकलने के कई घंटो बाद तक छाया रहा। इस दिन कोहरा सुबह 10:30 बजे तक हल्की-हल्की छाई रही। इसके पहले सूर्योदय से पूर्व से ही शहर सहित जिलेभर में कोहरे का कहर बना रहा।

कोहरे का घनत्व सुबह के समय इतना रहा कि सूर्य का प्रकाश भी धरती तक नहीं आ पा रहा था, सुबह घने कोहरे के कारण वाहनों की रफ्तार भी धीमी हो गई थी और वाहन चालक हेडलाईट एवं इंडीकेटर जलाकर सड़कों पर धीमी गति से चल रहे थे। कोहरे के कारण दृश्यता करीब 50 मीटर से भी कम रही, ऐसे में सड़कों पर सुरक्षित गति से वाहन चालकों को वाहन चलाना पड़ा। कोहरे के साथ ही सुबह के समय कंपकंपाने वाली तेज ठंड का असर भी रहा, इसके चलते लोगों के सुबह की दिनचर्या भी प्रभावित हुई। शनिवार को सुबह होने के पूर्व ही कोहरे की सफेद चादर से शहर लिपटा रहा, इसी तरह का हाल पूरे कोरिया जिले की रही। इस दिन बैकुंठपुर-सोनहत मार्ग पर पड़ने वाले शिवघाटी क्षेत्र घने कोहरे से पूरी तरह से ढंका रहा, जिसका नजारा देखते ही बन रहा था। इस मार्ग से गुजरने वाले वाहन चालकों को दिन निकलने के कुछ घंटे बाद तक वाहन की हेडलाइट जलाकर चलना पड़ रहा था। कोहरा जब छाने लगता है तब यह ठंड बढ़ने का संकेत होता है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक आगामी कुछ दिनों में जोरों की ठंड पड़ने वाली है, तेज ठंड पड़ने से गेहूं की फसल के लिए बेहद लाभदायक होता है। किसनों ने धान कटाई के बाद सिंचित क्षेत्र में रबी की प्रमुख फसल गेहूं की बोआई कर दिए है, जिसके लिए ठंड का बढ़ना लाभदायक साबित होता है।



छाया घना कोहरा।

### वनांचल में जमकर पड़ रही ठंड

कोरिया जिले के पठारी एवं वनांचल क्षेत्रों में बीते कुछ दिनों से कड़ाके की ठंड पड़ रही है। जिले के सोनहत जनपद क्षेत्र पठारी क्षेत्र है, इसके साथ ही यह जनपद वनों से आच्छादित क्षेत्र में शामिल हैं। इस क्षेत्र में मदानी क्षेत्रों की अपेक्षा सबसे अधिक ठंड पड़ रही है। यही कारण है कि शाम ढलने के बाद क्षेत्र के विभिन्न गांवों एवं कस्बों में लोगों की आवाजाही बहुत कम हो जाती है।


# शहर में थम नहीं रहा बंदरों का आंतक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया जिला मुख्यालय बैकुठपुर में बंदरों का आतंक रूकने का नाम नहीं ले रहा है और न ही इस गंभीर समस्या से निजात दिलाने के लिए कोई सरकारी प्रयास भी नहीं हो रहे हैं,ऐसे में शहर के विभिन्न मोहल्ले के नागरिकों को आए दिन बंदरों के आतंक से परेशान होना पड़ रहा है।

- समस्या से निजात दिलाने नहीं हो रहे हैं सरकारी प्रयास

यह समस्या कोई नई नहीं है, बल्कि कई साल पुरानी समस्या है, लेकिन बंदरों के आतंक को रोकने की दिशा में अब तक कोई पहल नहीं हुई। नतीजन सुबह के समय अलाव अन्य समय में भी शहर के विभिन्न मोहल्लों में बंदरों की टोली से लोगों को परेशान होते देखा जा सकता है। आम लोगों के अलावा छोटे-बडे दुकानदार भी बंदरों की टोली आने के बाद परेशान नजर आते हैं। । कई बार दुकानदार का ध्यान कही दूसरी ओर गया तो बंदरों के द्वारा पलक झपकते ही दुकान के सामने लटकाए खाद्य पदार्थ के पैकेट को लेकर भागते हैं। इसी तरह लोगों के घर आंगन एवं छतों में बंदरों को उछल कुद करते देखा जा सकता है। बंदरों की टोली द्वारा गमले व अन्य सामनों को भी नुकसान पहुंचाया जाता है, बावजूद इसके शहर में अब तक बंदरों के आतंक से निजात दिलाने की दिशा में कोई प्रयास प्रशासन व वन विभाग द्वारा नहीं की जा रही है।



घर में उत्पात मचाते बंदर।

# भाजपा की विधानसभा स्तरीय कार्यशाला



**वेस्ट चिरमिरी।** भारतीय जनता पार्टी जिला एमसीबी द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को लेकर मनेन्द्रगढ़ विधानसभा स्तरीय कार्यशाला का आयोजन मंगल भवन चिरमिरी में किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य बूथ स्तर पर एसआईआर के दूसरे चरण को प्रभावी ढंग से संपादित कराने के लिए कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित एवं प्रेरित करना रहा।

कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, जिला संगठन प्रभारी बाबूलाल अग्रवाल, जिला अध्यक्ष श्रीमती चंपा देवी पावले, महापौर चिरमिरी, विधानसभा एसआईआर प्रभारी अधिवक्ता आशीष सिंह सहित भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता काफी संख्या में उपस्थित रहे। मंच पर अनिल केशरवानी, राजकुमार बधावन, सरोज यादव, संजय राय, मनोज जैन, प्रतिमा यादव, रामलाल सिंह, आशीष मजूमदार एवं द्वारिका जायसवाल मौजूद रहे। कार्यशाला का शुभारंभ जिला उपाध्यक्ष आशीष सिंह के स्वागत उद्बोधन से हुआ। इसके पश्चात लोकसभा में देश के गृहमंत्री अमित शाह के एसआईआर संबंधी उद्बोधन का एलईडी के माध्यम से प्रदर्शन किया गया। इसके बाद जिला अध्यक्ष श्रीमती चंपा देवी पावले ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अभियान को लोकतंत्र की मजबूती से जोड़ा। कार्यक्रम में जिला संगठन प्रभारी बाबूलाल अग्रवाल ने संगठनात्मक दृष्टि से एसआईआर की महत्ता पर प्रकाश डाला। अंत में स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि एसआईआर का असली महत्व बूथ स्तर पर है, क्योंकि यही मतदाता की पहचान और अधिकारों की रक्षा करता है।

# अलास्का में वार्षिक खेल महोत्सव



**मनेन्द्रगढ़।** अलास्का पब्लिक स्कूल मनेन्द्रगढ़ ने 18 दिसंबर 2025 को चौथे वार्षिक खेल महोत्सव का भव्य आयोजन उत्सव फार्म हाउस, जेल बिल्डिंग के पास चैनपुर में किया। सहायक जेल अधीक्षक, उप जेल, मनेन्द्रगढ़ विक्रम गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके आगमन पर संचालक मो. फिरोज व संचालिका रूहीन मंसूरी ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

प्रतियोगिता में कक्षा पहली से चौथी तक के विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह से भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ बच्चों के अनुशासित मार्च पास्ट से हुआ। प्रतियोगिताओं से पूर्व संचालक मो. फिरोज ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल शरीर को स्वस्थ रखने के साथ मानसिक विकास भी करते हैं। ये अनुशासन सिखाते हैं और जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। छोटे खिलाड़ियों ने स्क्वीज एंड कलेक्ट, सर्कल हंट रेस, सैक रेस, 50 मीटर रेस, म्यूजिकल चेयर, टाइनी टावर रेस जैसे रोमांचक खेलों में हिस्सा लिया।






# हिंदू सम्मेलन में गूंजा राष्ट्र निर्माण का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

नगर पालिका शिवपुर चरचा के श्रमवीर स्टेडियम बाजारपारा में शनिवार को आयोजित भव्य हिंदू सम्मेलन जनसमूह की अभूतपूर्व उपस्थिति का साक्षी बना।

दोपहर 3 बजे प्रारंभ हुए इस सम्मेलन में सर्व हिन्दू समाज के महिला-पुरूष, युवा एवं बच्चों ने काफी संख्या में सहभागिता की। सम्मेलन का उद्देश्य सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक जागरण एवं राष्ट्र निर्माण के मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाना रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छग प्रांत के प्रांत प्रचारक अजय राम रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में चंद्र प्रताप तिवारी, राणा प्रताप सिंह, श्याम नारायण यादव, हरियाणा अग्रवाल, बलराम प्रधान, नगर पालिका उपाध्यक्ष राजेश सिंह, वरिष्ठ पत्रकार नीरज गुप्ता, पत्रकार अंकित अग्रवाल, पार्षद कुमुद मिश्रा, प्रदीप तिवारी, कुंडल सायं, संजय देवांगन, भाजपा मंडल अध्यक्ष दीपा विश्वकर्मा, काजल मोदी, सिमरन श्रीवास्तव, राजू सिंह, शशिभूषण राय सहित क्षेत्र के अनेक प्रबुद्धजन मंचासीन रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के छायाचित्र पर दीप प्रज्जवलन एवं पुष्प अर्पण के साथ हुआ। इसके पश्चात अतिथियों का पुष्पगुच्छ व साल श्रीफल भेंट कर स्वागत किया गया। सम्मेलन के दौरान आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने दर्शकों का मन मोह लिया। हिन्दू विद्यालय इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल एवं सरस्वती शिशु मंदिर, चरचा के छात्राओं ने भक्ति गीत, छत्तीसगढ़ी लोकनृत्य और कर्मा नृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियां दीं।






# शीतकालीन अवकाश : कल से विद्यालयों के बंद होंगे पट



शनिवार को आयोजित परीक्षा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

ठंड बढ़ने के साथ ही आज से जिले के स्कूलों में शीतलकालीन अवकाश शुरू हो गया। शनिवार को विद्यालयों के पट बंद हुए तो अब एक सप्ताह पश्चात खुलेंगे। हालांकि स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी शैक्षणिक कैलेंडर के अनुसार विद्यालयों में शीतकालीन अवकाश 22 दिसंबर से 27 दिसंबर तक घोषित है, लेकिन शीतकालीन अवकाश शुरू होने के पूर्व 21 दिसंबर को रविवार अवकाश है और घोषित अवकाश 28 दिसंबर के दूसरे दिन रविवार अवकाश पड़ रहा है।

इस तरह विद्यालयों में 6 दिन की घोषित अवकाश में 8 दिनों का अवकाश मिल गया। दो रविवार पड़ने के कारण अतिरिक्त अवकाश दो दिनों का मिल गया। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में ठंड जोरों की पड़ रही है, ऐसे में विद्यालयों में विद्यार्थियों को ठंड के असर का सामना करना पड़ रहा था, ऐसे समय में कुछ दिनों के शीतकालीन अवकाश से विद्यार्थियों को ठंड से थोड़ी दिनों के लिए राहत मिल गई। आज से शुरू होने वाला शीतकालीन अवकाश अगले रविवार 28 दिसंबर तक रहेगा और इसके बाद 29 दिसंबर से विद्यालयों के बंद पट अब खुलेंगे।


























## खबर संक्षेप

### भाजयुमो प्रदेश कार्यकारिणी में आईटी प्रमुख बने विकास



**अम्बिकापुर।** युवा मोर्चा ने प्रदेश संगठन का विस्तार करते हुए अंशुल शुक्ल चंदन को आईटी प्रमुख को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौपी है। विकास लंबे समय से भाजयुमो से जुड़े हैं तथा पूर्व में जिला उपाध्यक्ष, जिला मंत्री, नगर प्रशिक्षण प्रमुख व नगर कार्यसमिति सदस्य का दायित्व निर्वहन कर चुके है। उनके अनुभव, कर्मठता एवं संगठन के प्रति समर्पण को देखते हुए प्रदेश नेतृत्व ने उन्हें यह दायित्व सौंपा है। चंदन ने बताया कि वे संगठन द्वारा दी गई जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं ऊर्जा के साथ निभाएंगे तथा युवाओं की भागीदारी को और मजबूत करेंगे।

### कश्यप भाजयुमो के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नियुक्त



**अंबिकापुर।** भाजयुमो छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा द्वारा प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव के सहमति से प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा की गई जिसमें सरगुजा से शानू कश्यप को प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नियुक्त करते हुए महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। शानू कश्यप लम्बे समय से भारतीय जनता युवा मोर्चा के सक्रिय नेता के साथ सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय है। उनकी निरंतर सक्रियता, संगठन के प्रति निष्ठा, परिश्रम एवं नेतृत्व छमता को ध्यान में रखते हुए उन्हें ये जिम्मेदारी दी गई है। शानू पूर्व में भाजयुमो के सरगुजा जिला उपाध्यक्ष, जिला प्रचार प्रसार प्रमुख, नगर कोषाध्यक्ष की ज़िम्मेदारी निभा चुके है।

### यादव बने भाजपा पिछड़ा वर्ग जिला अध्यक्ष



**रामानुजगंज।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रदेश महामंत्री की सहमति से भाजपा पिछड़ा वर्ग प्रदेश अध्यक्ष अशोक साहू ने बलरामपुर–रामानुजगंज जिले के लिए भाजपा पिछड़ा वर्ग जिला अध्यक्ष के पद पर बद्री यादव की नियुक्ति की है। इस नियुक्ति से जिले के भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पिछड़ा वर्ग समाज में उत्साह है। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष बद्री यादव ग्राम देवीगंज के निवासी हैं और वर्तमान में जिला पंचायत के सभापति के रूप में अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहे हैं। पार्टी ने उनकी संगठन के प्रति निष्ठा, कार्यकुशलता एवं सामाजिक कार्यों में सक्रिय सहभागिता को देखते हुए यह जिम्मेदारी सौंपी है। बद्री यादव की नियुक्ति से जिले में भाजपा पिछड़ा वर्ग संगठन को नई ऊर्जा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। भाजपा पिछड़ा वर्ग के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष बद्री यादव ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी के साथ निर्वहन करेंगे।

### 160 परिवारों को वितरित किया गया कंबल



**केदमा।** केदमा वन परीक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले 160 परिवारों को वन विभाग की ओर से कंबल प्रदान किया गया। गौरतलब है कि अभी ठंड अपने चरम पर है। ऐसे में क्षेत्र के अत्यंत पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरबा जो ठंड में अपनी सुरक्षा करने में असमर्थ रहते हैं उन्हें वन विभाग की ओर से 160 परिवारों को कंबल प्रदान किया गया। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि हमें वनों की रक्षा करनी होगी जिससे ऑक्सीजन एवं तापमान संतुलन को बनाए रखा जा सके। उन्होंने कहा कि शासन पहाड़ी कोरवाओ के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं चला रही है जिसका लाभ पहाड़ी कोरबाओं को लेना चाहिए। जल, जंगल, जमीन की रक्षा प्रत्येक ग्रामीण को करना चाहिए तथा वनों को आज से बचाए रखना चाहिए। वन संपदा को सुरक्षित रखना हम सब का कर्तव्य है। इस दौरान इस दौरान रामगढ़ मंडल अध्यक्ष प्रबोध सिंह, पूर्व अध्यक्ष अनिल प्रताप सिंह, पूर्व महामंत्री चंद्रबसु यादव, मीडिया प्रभारी बृजेश चतुर्वेदी, उपाध्यक्ष बालेश्वर यादव,जनपद सदस्य नागेश्वरी सिंह, श्रीनाथ सिंह, दीनानाथ यादव, एसडीओ विजेंद्र सिंह ठाकुर, रेंजर कमलेश राय, रामनाथ दहायत, वनपाल गिरीश बहादुर सिंह, शशिकांत सिंह, श्याम बिहारी सोनी, वन रक्षक बसंत राम, इग्नेश बेक, बुद्धसराय राजवाड़े, नरेंद्र कुमार, राजू टोप्पो सहित वन विभाग के सभी स्टाफ उपस्थित रहे।

## हेल्थ प्लस

### तेज डायग्नोस्टिक में विशेषज्ञ चिकित्सक आज



**अम्बिकापुर।** तेज डायग्नोस्टिक एवं माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल में रविवार 21 दिसंबर को मस्तिष्क एवं रीढ़ की हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ.अमित जैन, मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ.गौरी शंकर सिंह, डॉ.रितेश रंजन संबंधित रोगों से पीड़ित मरीजों के उपचार एवं परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे।

## आए दिन लोग हो रहे दुर्घटना का शिकार

# बाइकर्स गैंग का आतंक जारी सिलसिलेवार सड़क दुर्घटना से सहमे नगरवासी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

नगर में नशेड़ी एवं नाबालिग बाइकर्स गैंग का आतंक थमने का नाम नही ले रहा है। तेज रफ्तार एवं कानफोडू साइलेंसर वाली बाइक पर सवार युवा नगर में जमकर उत्पात मचा रहे है। पुलिसिया कार्रवाई एवं मोटा जुर्माना भरने के बाद भी बाइकर्स गैंग का आतंक थमने का नाम नही ले रहा है।

**खास बात**
- नागरिकों ने की कड़ी कार्रवाई की मांग

मोडिफाइड साइलेंसर एवं जानलेवा रफ्तार के साथ नशे में धुत नाबालिग नगर के सड़को पर जमकर उत्पात मचा रहे हैं। जिसकी वजह से आम लोगों का सड़क पर चलना मुश्किल हो गया है और दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। बीते दिनों नगर समेत आसपास के क्षेत्रों में बाइकर्स गैंग के रफ्तार ने जमकर कहर बरपाया। सुबह से नशेड़ी एवं नाबालिग बाइकर्स गैंग के सड़क दुर्घटना का सिलसिला जो शुरू वो देर रात तक जारी रहा। दोपहर में मसीही समाज द्वारा नगर में निकाली गई शोभायात्रा के दौरान शामिल होने आए कई बाइकर्स गैंग दुर्घटना के शिकार हो गए। पहली घटना पुराने बस स्टैंड में देखने को मिली जहां नशे में धुत बाइक सवार तीन युवक तेज रफ्तार बाइक पर नियंत्रण नही रख पाए और सड़क किनारे खुली नाली में जा समाये। इसके अलावा मेन रोड में कैलाश टायर्स के पास तेज रफ्तार बाइक ने स्कूटी को ठोकर मार दी और घायल हो गया। इस दुर्घटना में स्कूटी सवार समेत बाइक सवार को भी चोट लगी थी लेकिन लोगो की भीड़ जमा होता देख बाइक सवार घायल अवस्था में ही मौके से भाग निकला। इसके साथ ही लाल बंगला के पास तेज रफ्तार बाइक चालक अनियंत्रित होकर गिरा और बुरी तरह घायल हो गया। इस दौरान सामने से आ रही कार के चालक ने बाइक सवार की रफ्तार देख अपनी कार खड़ी कर दी थी नही तो बड़ा हादसा हो सकता था। इसके अलावा सड़क दुर्घटना की और भी कई छुटपुट घटना होती रही लेकिन कोई जनहानि नही हुई। नगर में बेलगाम बाइकर्स गैंग की वजह से होने वाली सड़क दुर्घटना का सिलसिला अभी थमा भी नही था कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी सड़क दुर्घटना की खबर आने लगी। देर शाम आठ बजे बाइक सवार तीन युवकों को चार पहिया वाहन ने पीछे से टक्कर दी। दुर्घटना में बाइक सवार तीन में से दो का पैर टूट गया जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। एक घंटे बाद पेटला रोड़ पर बाइक और स्कूटी की आमने सामने भिड़ंत हो गई।इस भिड़ंत में स्कूटी सवार चार युवकों में से दो युवकों का पैर टूट गया। इन्हें भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।बाइकर्स गैंग की वजह से नगर समेत क्षेत्र में हुए सिलसिलेवार हुए सड़क दुर्घटना को लेकर आपसी सहमति के बाद किसी ने भी थाने में रिपोर्ट दर्ज नही कराया है। जिसकी वजह से पीड़ति पक्ष के बारे में जानकारी हासिल नही हो सका है। नगर में बाइकर्स गैंग का बढ़ता आतंक और सिलसिलेवार होने वाली सड़क दुर्घटना से सहमे लोगों ने इनके विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है ताकि तेज रफ्तार से चलने वाले बाइकर्स गैंग पर अंकुश लगाते हुए सड़क दुर्घटना को रोका जा सके।

इस संबंध में थाना प्रभारी अखिलेश सिंह ने बताया कि बाइकर्स गैंग के विरुद्ध पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। पुलिस ने इनके विरुद्ध कार्रवाई करते हुए कई बाइक भी जब्त किए है।उन्होंने कहा कि नगर में तेज रफ्तार पर अंकुश लगाने के लिए जगह जगह बेरिकेट्स लगाए जायेंगे।



दुर्घटना स्थल पर लोगों की भीड़, इनसेट में नाला से बाइक निकालते लोग।

**स्कूली छात्रा को मारी टक्कर**

स्कूल से छुट्टी के बाद घर जा रही कक्षा 12वीं की छात्रा मानमती आ. धरमसाय को गायत्री मंदिर के पास तेज रफ्तार बाइक सवार युवक ने पीछे से टक्कर मार दी। तेज रफ्तार बाइक की ठोकर के बाद छात्रा कई फीट ऊपर हवा में उछलने के बाद कमर के बल नीचे गिरी। बाइक की ठोकर से बुरी तरह घायल होने के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने छात्रा को हॉस्पिटल पहुंचाया वही छात्रा को टक्कर मारने के बाद बाइक सवार युवक मौके से भाग निकला।



## बाघ की करंट से हत्या को लेकर डीएफओ को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

राष्ट्रीय पशु बाघ की मौत ने एक बार फिर वन विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। घूई वन परिक्षेत्र के रेवटी बीट में शिकारियों द्वारा करंट लगाकर बाघ की हत्या किए जाने के मामले से क्षेत्र के लोगों में भारी आक्रोश है। ग्रामीणों ने वन विभाग के लापरवाह अधिकारियों पर कार्रवाई किए जाने की मांग को लेकर डीएफओ को ज्ञापन सौंपा।

- विभाग के लापरवाह अधिकारियों पर की कार्रवाई करने की मांग

डीएफओ को ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया कि जंगल और वन्य प्राणियों की सुरक्षा अब भगवान भरोसे छोड़ दी गई है। क्षेत्र में कई दिनों से बाघ की हलचल देखी जा रही थी, इसके बावजूद वन विभाग ने न तो गश्त बढ़ाई और न ही कोई सतर्कता बरती। परिणामस्वरूप शिकारियों ने बाघ को करंट लगाकर मौत के घाट उतार दिया। बताया गया कि रेवटी बीट में बाघ की हत्या के चार दिन बाद शव बरामद किया गया, जो विभागीय लापरवाही को उजागर करता है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि रेवटी बीट के जिम्मेदार वन अधिकारी जयनारायण मेहता और सुनील केरकेट्टा अपने बीट में नियमित रूप से उपस्थित नहीं रहते। वे कभी अंबिकापुर तो कभी अपने घर से ही आना-जाना करते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि लचर व्यवस्था के कारण पहले भी कई वन्य जीवों और पक्षियों की जान जा चुकी है। इसके बावजूद अब तक मात्र एक बीट गार्ड को निलंबित कर मामले को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। ग्रामीणों ने दोषी अधिकारी के विरूद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने के दौरान ग्राम पंचायत रेवटी के सरपंच विष्णु सिंह, पंच वार्ड शुभम गुप्ता, पूर्व मंडल महामंत्री अवधेश गुप्ता, राजपाल अगरिया, नीतीश पटेल, अनिल विश्वकर्मा, सीताराम पटेल, हिमालय पटेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

इस संबंध में डीएफओ दुलेश्वर साहू ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और दोषी पाए जाने वाले किसी भी अधिकारी या कर्मचारी को बख्शा नहीं जाएगा।

## सरस्वती शिशु मंदिर में सप्तशक्ति संगम मातृ सम्मेलन का आयोजन

**बिश्रामपुर।** नगर के सरस्वती शिशु मंदिर में शनिवार को सप्तशक्ति संगम मातृ सम्मेलन का भावनात्मक आयोजन किया गया,उक्त सम्मेलन मातृशक्ति के सम्मान,बच्चों के सर्वांगीण विकास तथा परिवार-विद्यालय-समाज के त्रिस्तरीय समन्वय को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल हेतु किया गया।




कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई,इसके पश्चात छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत वंदना,प्रेरणादायी गीत एवं संस्कारमय प्रस्तुतियों ने मंत्रमुग्ध कर दिया,बच्चों की इन प्रस्तुतियों में मातृशक्ति के त्याग,ममता और बलिदान का सजीव चित्रण देखने को मिला,जिसे उपस्थित माताओं ने सराहा,इस अवसर पर बिश्रामपुर नगर पंचायत अध्यक्ष निर्मला यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं,उन्होंने कहा कि मां केवल परिवार की आधारशिला ही नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र निर्माण की सबसे बड़ी शक्ति है,उन्होंने कहा कि आज के बदलते समय में बच्चों को केवल किताबी ज्ञान नहीं, बल्कि संस्कार, नैतिकता और सामाजिक जिम्मेदारी से भी जोड़ना आवश्यक है, सम्मेलन में विशिष्ट अतिथि के रूप में श्यामा पांडेय, गीता घोषाल,डॉ रेखा लाल,प्रीति अग्रवाल, संध्या त्रिपाठी, वार्ड पार्षद नीलम मिश्रा एवं लक्ष्मी यादव मौजूद रहीं। अतिथियों ने अपने संबोधन में माताओं को बच्चों की पहली गुरु बताते हुए कहा कि घर का वातावरण यदि संस्कारयुक्त हो तो विद्यालय की शिक्षा और भी प्रभावी बन जाती है,उन्होंने माताओं से अपील की कि वे बच्चों की दिनचर्या,संगति और नैतिक मूल्यों पर विशेष ध्यान दें। कार्यक्रम के दौरान माताओं ने भी अपने अनुभव साझा किए और बच्चों के भविष्य को लेकर अपने विचार रखे।

कई माताओं ने कहा कि ऐसे सम्मेलन उन्हें न केवल मार्गदर्शन देते हैं, बल्कि आपसी संवाद और सीखने का भी अवसर प्रदान करते हैं,उन्होंने माताओं के सहयोग को शिक्षा की सबसे मजबूत कड़ी बताया। सम्मेलन में विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं,अभिभावक, छात्र-छात्राएं एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे,सम्मेलन के अंत में उपस्थित अतिथियों को सम्मानित किया गया और मातृशक्ति को नमन करते हुए समापन किया गया।

## शीतलहर के कहर से मुश्किल में है जान, हम सबकी रक्षा करें, परमपिता भगवान

**अम्बिकापुर।** गुरु घासीदास जयंती पर केशरवानी भवन में यादव विकास की अध्यक्षता में सरस काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व व्याख्याता सच्चिदानंद पांडेय, विशिष्ट अतिथि पं. रामनारायण शर्मा और वरिष्ठ साहित्यकार एसपी जायसवाल थे। संचालन कवयित्री आशा पांडे ने किया।

- गुरु घासीदास जयंती पर तुलसी साहित्य समिति का सरस काव्यगोष्ठी



मां वीणापाणि की पारंपरिक पूजा और बीडीलाल व एसपी जायसवाल द्वारा सृजित रामायणों के आंशिक पाठ से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कवयित्री पूनम दुबे ने सुंदर सरस्वती-वंदना प्रस्तुत की। पं. रामनारायण शर्मा ने कहा कि गुरु घासीदास देश के महान्‌ संत और समाज सुधारक थे। उन्होंने तत्कालीन समाज में व्याप्त सामाजिक आर्थिक विषमताओं, शोषण तथा जातिवाद का अंत करने के लिए मनखे-मनखे एक समान का नारा बुलंद किया। वरिष्ठ साहित्यकार एसपी जायसवाल ने महान्‌ संत गुरु घासीदास के दिव्य गुणों का वर्णन किया और बताया कि उनके-जैसे संत युगों-युगों में धरती पर अवतरित होते हैं। उनकी शिक्षाएं आज प्रकाशस्तंभ की तरह हैं। सच्चिदानंद पांडेय ने गिरौदपुरी के 77 मीटर के जैतखंभ को कुतुबमीनार से भी ऊंचा बताते हुए कहा कि यह सत्य, शांति और विजय का प्रतीक है, जो मानवता को सदैव सत्कर्म हेतु प्रेरित करता रहेगा। कवयित्री आशा पांडेय ने उनके महान्‌ व्यक्तित्व को अपने दोहों में अभिव्यक्त किया। काव्य गोष्ठी में कवयित्री माधुरी जायसवाल ने गुरु घासीदास के प्रति लोगों की श्रद्धा का उल्लेख किया। कवि प्रकाश कश्यप ने बेटा-बेटी की समानता की बात कही- बेटा-बेटी दुनो आंखी के राजा। संगी दुनो के जनम मा बजावा बाजा। संस्था के अध्यक्ष मुकुन्दलाल साहू ने अपने दोहों में भीषण ठंड का बखान करते हुए कहा कि- शीत लहर के क़हर से, मुश्किल में है जान। हम सबकी रक्षा करें, परमपिता भगवान। कवयित्री अंजू प्रजापति ने अपनी कविता में निर्धनों की यथास्थिति को बयां किया। कवि रामलाल विश्वकर्मा ने दिलों में राष्ट्रगान होने की बात कही- मुल्क में बस एक ही अजान होना चाहिए, सबके दिलों में बस राष्ट्रगान होना चाहिए। कवयित्री अंजू पांडेय ने जीवन की कठिनाइयों को स्वर दिया- पथ कठिन हुआ, पथरीले राहों को जाना। जीवन का लंबा सफर कब सहज किसी ने माना। वरिष्ठ कवि रंजीत सारथी ने बालिका-शिक्षा पर ज़ोर दिया। वरिष्ठ गीतकार देवेन्द्रनाथ दुबे के गीत ने समां बांधा- आस पूरी हो ज़रूरी नहीं, हर कहानी अधूरी ज़रूरी नहीं। प्रताप पांडेय ने मनचीता मौसम के गुज़रने का जिक्र किया। पूनम दुबे वीणा के गीत ने माहौल को खुशनुमा बना दिया। आपके प्यार में मुस्कुराने लगे, जिंदगी को सनम आजमाने लगे। चंद्रभूषण मिश्र की कविता अपनी वफा और उनकी बेवफाई में भी मैं हंसता ही रहा। अजय सागर, राजेन्द्र विश्वकर्मा, जयप्रकाश चौबे एवं यादव विकास की ग़ज़ल से कार्यक्रम का यादगार समापन हुआ। इस अवसर पर केके त्रिपाठी, दुर्गाप्रसाद श्रीवास्तव, किरण कुजूर, अनिल त्रिपाठी, अंजनी पांडेय, प्रमोद सहित कई काव्यप्रेमी उपस्थित रहे।

## घने कोहरे में वाहन चलाना अत्यंत खतरनाक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

उत्तर भारत में लगातार पड़ रहे घने कोहरे के कारण विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्गों पर सड़क दुर्घटनाओं की घटनाएं सामने आ रही है। यमुना एक्सप्रेसवे, लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे एवं दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर कोहरे के कारण कई वाहन आपस में टकरा गए जिनमें अनेक लोग घायल हुए है तथा कुछ स्थानों पर जानमाल की क्षति भी हुई है।

- परिवहन विभाग का आह्वान, सतर्कता ही सुरक्षा

इन घटनाओं को दृष्टिगत रखते हुए परिवहन विभाग ने राज्य के समस्त यात्री बस संचालकों एवं वाणिज्यिक वाहन चालकों से विशेष सतर्कता बरतने की अपील की है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि घने कोहरे में वाहन चलाना अत्यंत जोखिम भरा होता है। कोहरे के दौरान वाहन चलाते समय गति नियंत्रित रखे, हेडलाइट्स अनिवार्य रूप से चालू रखे तथा उन्हे लो बीम मोड़ में ही रखे क्योंकि हाई-बीम लाइट दृश्यता को और कम कर देती है। यदि वाहन में काज लैंप उपलब्ध हो तो उनका उपयोग अवश्य करें। अम्बिकापुर परिवहन विभाग के अधिकारी विनय सोनी ने वाहन चालकों से अपील करते हुए कहा कि कोहरे में केवल स्वयं देख पाना ही नहीं बल्कि दुसरों को दिखाई देना भी उतना आवश्यक है। उन्होंने वाहन चालकों को सावधानियां बरतने की सलाह देते हुए कहा कि वाहन धीमी गति से चलाएं, हेडलाइट्स लो बीम पर रखे, फॉग लैंप एवं पार्किंग लाईट का उपयोग करें। डिकॉगर एवं विंडस्क्रीन वाइपर का सही उपयोग करे वाहनों के बीच सुरक्षित दूरी बनाए रखे, लेन अनुशासन का पालन करें एवं ओवरटेकिंग से बचे उन्होंने यह भी कहा कि यदि कोहरा अत्यधिक हो और वाहन चलाना असुरक्षित प्रतीत हो तो वाहन सड़क से हटाकर सुरक्षित स्थान पर खड़ा करें और इंडिकेटर लाईट चालू रखे। परिवहन विभाग ने सभी वाहन चालकों से आह्वान की है कि अपने एवं अन्य यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए यातायात नियमों का पालन करें और कोहरे के दौरान अतिरिक्त सावधानी बरतें ताकि सड़क दुर्घटनाओं से बचा जा सके।




## एसईसीएल अंतर क्षेत्रीय क्रिकेट स्पर्धा के फाइनल में आज भिड़ेंगी बिश्रामपुर और सोहागपुर की टीम

**बिश्रामपुर।** जोहिला क्षेत्र में आयोजित एसईसीएल अंतर क्षेत्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता में बिश्रामपुर की टीम का शानदार प्रदर्शन जारी है। सेमीफाइनल का मुकाबला जीतकर बिश्रामपुर की टीम टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया है जहां उसका मुकाबला सोहागपुर की टीम से आज होगा। शनिवार 20 दिसंबर खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले में रायगढ़ क्षेत्र की टीम को पराजित कर बिश्रामपुर की टीम ने फाइनल में जगह बनाई।पहले सेमीफाइनल में रायगढ़ क्षेत्र ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 9 विकेट खोकर 20 ओवर में 136 रन बनाएं,उसके जवाब में बिश्रामपुर क्षेत्र की टीम ने 19 ओवर मे 6 विकेट खोकर 140 रन बनाकर चार विकेट से विजय हासिल किया। सेमीफाइनल मुकाबले में शानदार प्रदर्शन के लिए बिश्रामपुर टीम के राजेंद्र प्रधान को मैंन ऑफ द मैच का पुरस्कार प्राप्त हुआ जिन्होंने टीम के लिए 4 विकेट लिया। साथ ही अमृत लाल का ऑल राउंडर प्रदर्शन जिन्होंने टीम के लिए 19 रन बनाये और 3 विकेट हासिल लिया महाप्रबंधक डॉ संजय सिंह ने बिश्रामपुर टीम के फाइनल पहुंचने पर खुशी जताते हुए खिलाड़ियों को फाइनल मुकाबले से पहले प्रोत्साहित कर शुभकामनाएं दी। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला आज खेला जाएगा। उक्त जानकारी वरिष्ठ क्रिकेट खिलाडी एसके स्वाई (बुन्नु) द्वारा दी गई। बिश्रामपुर क्षेत्र के फाइनल में पहुंचने से क्षेत्र के बड़ी संख्या में खेल प्रेमी फाइनल मुकाबला देखने के लिए जोहिला पहुंच रहे हैं।



## ग्राम समौली में गुरु घासीदास जयंती पर लगाई गई जिला स्तरीय सद्भावना शिविर

**भैयाथान।** ब्लॉक मुख्यालय अंतर्गत ग्राम पंचायत समौली में गुरु घासीदास जयंती के अवसर पर जिला स्तरीय सद्भावना शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा गुरु घासीदास के छायाचित्र पर विधिवत पूजन-अर्चना के साथ हुआ।

इस अवसर पर कलेक्टर एस जयवर्धन एवं जिपं सीईओ विजेंद्र सिंह पाटले ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास ने सामाजिक, आर्थिक विषमता, शोषण एवं जाति भेद के विरुद्ध जन-जागरण किया। उनके मनखे-मनखे एक समान के अमर संदेश ने समाज को समानता, भाईचारे और सद्भाव की राह दिखाई है। उन्होंने कहा कि गुरु घासीदास की शिक्षाएं आज भी समाज को जोड़ने का कार्य कर रही हैं। कार्यक्रम के दौरान पोस्ट मैट्रिक कन्या छात्रावास भैयाथान एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की छात्राओं द्वारा मनमोहक पारंपरिक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। निबंध प्रतियोगिता में कुमारी महावती ने प्रथम एवं संत पण्डो ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कुमारी रीना सिंह एवं साथी तथा द्वितीय स्थान कर्मेंद्र पैकरा एवं साथी को मिला। वहीं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता कक्षा 10वीं तक एवं कक्षा 10वीं से 12वीं तक दो वर्गों में संपन्न हुई। एसडीएम चांदनी कंवर ने उपस्थित लोगों को नशा मुक्ति एवं सामाजिक सद्भावना की शपथ दिलाई। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य अखिलेश प्रताप सिंह, जनपद उपाध्यक्ष राजीव प्रताप सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील साहू, जनपद सदस्य अभय प्रताप सिंह, गनपत पाटिल, सहायक आयुक्त आदिम जाति विकास विभाग सहित अन्य वक्ताओं ने भी बाबा गुरु घासीदास जयंती पर उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने की बात कही। कार्यक्रम के दौरान जनजातीय समाज के वृद्धजनों का सम्मान किया गया तथा विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं एवं नृत्य दलों को पुरस्कार वितरित किए गए। आयोजन के समापन पर सभी ने सामूहिक भोज की।




### वीएम नर्सिंग कॉलेज के विद्यार्थियों ने मनाई गुरु घासीदास जयंती

**बिश्रामपुर।** सतनामी समाज के जनक गुरु घासीदास की जयंती के अवसर पर वीएम कालेज ऑफ नर्सिंग बिश्रामपुर के विद्यार्थियों के द्वारा उनका स्मरण किया गया,इस अवसर पर वीएम कालेज ऑफ नर्सिंग के प्राचार्य एवम शिक्षक उपस्थित थे,उपस्थित समुदाय द्वारा गुरुघासीदास के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित किया गया,इस अवसर पर छात्रा अपराजिता ने कहा कि गुरु घासीदास ने अपने जीवन का अधिकांश समय छत्तीसगढ़ के जंगलों में बिताया,बचपन से ही जाति व्यवस्था की बुराइयों को देखने के बाद उन्होने समानता पर आधारित जीवन जीने का एक नया तरीका स्थापित करने का मन बना लिया था। छात्रा पूजा ने कहा कि उन्होंने उस समय समाज में फैली कुरीतियों,छुआछूत, भेदभाव को खत्म करने के लिये बहुत संघर्ष किया,गुरु घासीदास की सात शिक्षाएं हैं,छात्रा अंकिता ने कहा कि गुरु घासीदास ने छत्तीसगढ़ में सतनामी समुदाय की स्थापना सतनाम के सिद्धांत पर की थी, जिसका अर्थ सत्य एवं समानता है,कार्यक्रम में वीएम कालेज ऑफ नर्सिंग के स्टाफ एवं विद्यार्थियों द्वारा राज्य सरकार से मांग की है कि गुरु घासीदास जी के नाम से सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालों के लिए एक राज्यस्तरीय पुरुस्कार प्रदान करने की योजना प्रारंभ की जाए।कार्यक्रम में मुख्य रूप से शिक्षक संतोष सिंह, अमित देव, रिचा गुप्ता आरती सिंह,हेमंत जायसवाल,दीपक सिंह व अन्य उपस्थित थे।



खबर संक्षेप



## क्विज प्रतियोगिता में 170 छात्राओं ने की भागीदारी

**अम्बिकापुर।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के स्थापना दिवस पर गुरूवार को क्षेत्रीय प्रमुख श्री रणधीर सिंह शासकीय कस्तूरबा गांधी हायर सेकेण्डरी स्कूल में क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में स्कूल के 170 बच्चों भागीदारी की। इस दौरान मुख्य प्रबंधक रोहितास यादव ने छात्राओं को अपने कैरियर के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया तथा कहा कि पढ़ाई का दूसरा कोई विकल्प नहीं है। जीवन में शिक्षा का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने बच्चों द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब दिया। बच्चों को बैंकिंग सेवा एवं चार्टर्ड एकाउंटेड की तैयारी की जानकारी दी। वरिष्ठ प्रबंधक श्याम गुप्ता ने बच्चों से बैंक, गणित, अंग्रेजी, सामान्य ज्ञान, भूगोल, तार्किक योग्यता एवं अन्य विषयों पर केंद्रित प्रश्न पूछा। जवाब देने वाले बच्चों को उपहार दिया। बैंक के गोविंद सिंह एवं अविनाश खलखो ने बच्चों से प्रश्न पूछा। अधिकारियो ने शिक्षिकाओं को बैंक की विभिन्न जमा एवं ऋण योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान प्राचार्य श्रीमती गुलाब खेस, श्रीमती मिताली गुप्ता, श्रीमती यशोदा यादव, श्रीमती श्वेता सोनी आदि उपस्थित थे।

## पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में मनाया गया ग्रैंड पेरेंट्स डे



**अंबिकापुर।** पीएम श्रीकेंद्रीय विद्यालय में ग्रैंड पेरेंट्स डे 2025 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में अपने दादा-दादी एवं नाना-नानी के प्रति सम्मान, स्नेह तथा पारिवारिक मूल्यों को सुदृढ़ करना रहा। विद्यालय की प्रभारी एचएम श्रीमती रत्ना श्रीवास्तव ने स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत करते हुए दादा-दादी के अनुभवों, संस्कारों एवं बच्चों के जीवन में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। प्राथमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत शुभेच्छा गीत सामूहिक गायन के रूप में सराहनीय रहा। बाल वाटिका-3 के बच्चों के नृत्य तथा कक्षा 1 एवं 2 के विद्यार्थियों द्वारा मंच संचालन ने कार्यक्रम में विशेष आकर्षण जोड़ा। कक्षा 3 से 5 के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत नाटक समय दिया जाता है ने वर्तमान समय में बच्चों और परिवारों के बीच संवाद, मोबाइल के बढ़ते उपयोग तथा समय के सदुपयोग जैसे विषयों को प्रभावी ढंग से उजागर किया। इसके पश्चात कक्षा चौथी के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य ने क्षेत्रीय संस्कृति की सुंदर झलक प्रस्तुत की। दादा-दादी के लिए आयोजित खेलों में महिला एवं पुरुष वर्ग के लिए अलग-अलग गतिविधियां रखी गई जिनमें सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्राचार्य राजेश प्रसाद ने प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। आभार प्रदर्शन शिक्षक विलियम सोरेंग ने किया।

## महिला का हिजाब खींचना गरिमा और धार्मिक पहचान पर सीधा हमला

**अंबिकापुर।** कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश महासचिव परवेज आलम गांधी ने कहा कि बिहार में सरकारी समारोह के दौरान नियुक्ति पत्र वितरण के समय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा एक मुस्लिम महिला डॉक्टर का हिजाब खींचे जाने की घटना अत्यंत शर्मनाक, निंदनीय और अस्वीकार्य है। संविधान की शपथ लेने वाला एक मुख्यमंत्री यदि सार्वजनिक मंच से किसी महिला की गरिमा, सम्मान और धार्मिक पहचान से इस तरह खिलवाड़ करता है, तो यह केवल असंवेदनशीलता नहीं बल्कि एक गंभीर नैतिक और संवैधानिक अपराध है। हिजाब केवल कपड़ा नहीं, बल्कि उस महिला की पहचान, आस्था और आत्मसम्मान का प्रतीक है। उसे जबरन हटाने की कोशिश करना एक महिला की इज्जत और धार्मिक स्वतंत्रता पर सीधा हमला है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि यह घटना राज्य के मुखिया द्वारा की गई। जब मुख्यमंत्री ही ऐसा आचरण करें, तो राज्य में महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान को लेकर सवाल उठना स्वाभाविक है। हालात इतने शर्मनाक हो गए कि सुरक्षाकर्मी को हस्तक्षेप कर उस महिला को पीछे खींचना पड़ा, ताकि मुख्यमंत्री की इस आपत्तिजनक हरकत का तमाशा और न बढ़े।

## भाजपा आईटी सेल मंडल कार्यकारिणी की घोषणा

**सोनगरा।** भारतीय जनता पार्टी जिला सूरजपुर द्वारा संगठन को और अधिक मजबूत करने की दिशा में भाजपा आईटी सेल मंडल कार्यकारिणी की घोषणा की गई है। जिला अध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी की सहमति से भाजपा आईटी सेल के जिला संयोजक शिव कुमार राजवाड़े द्वारा सूची जारी की गई। जारी कार्यकारिणी सूची में शशि रंजन सिंह को महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है। संगठन ने उन पर भरोसा जताते हुए डिजिटल माध्यम से पार्टी की नीतियों, योजनाओं और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने की जिम्मेदारी दी है। शशि रंजन सिंह ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करेंगे।



### मरम्मत के अभाव में पुलिया का स्लैब टूटने के कगार पर

# जर्जर हुआ ग्राम पंचायत धोंधा का पुल कभी भी हो सकती है बड़ी दुर्घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

नदी पर बनी पुलिया गांव के विकास में न सिर्फ अहम भूमिका निभाती है बल्कि गांव को मुख्य मार्ग से जोड़ने के लिए महत्वपूर्ण होती है। पुलिया के निर्माण से गांव के लोगों के लिए एक बेहतर आवागमन की सुविधा उपलब्ध हो जाती है। ऐसे में पुलिया क्षति ग्रस्त हो जाए तो इसका सीधा असर गांव के लोगों पर पड़ता है। कुछ इस तरह की स्थिति ग्राम पंचायत धोन्धा की हो गई है। गांव के नदी पर बनाए गए पुलिया देख रेख के अभाव में काफी जर्जर हो गई है। आलम यह है कि पुलिया का स्लैब लगातार टूटता और धंसता जा रहा है जिससे कभी भी पुलिया क्षति ग्रस्त हो सकती है। ऐसे में समय रहते मरम्मत नहीं किया गया तो आने वाले दिनो में कभी भी पुलिया धराशायी हो सकता है और एक झटके में कई गांव का संपर्क टूट सकता है। ग्रामीणों ने पुलिया की मरम्मत कराए जाने की मांग की है।

**खास बात**

- ग्रामीणों ने की पुलिया मरम्मत करने मांग

विकासखंड प्रतापपुर के ग्राम पंचायत धोन्धा स्थित नदी पर बनी पुलिया की हालत बेहद जर्जर और भयावह हो चुकी है। पुलिया का स्लैब लगातार टूटता और धंसता जा रहा है, जिससे भविष्य में कभी भी आवागमन पूरी तरह बाधित होने की आशंका बनी हुई है। ग्रामीणों के अनुसार यदि समय रहते तात्कालिक मरम्मत कार्य नहीं कराया गया, तो पुल का स्लैब पूरी तरह टूटकर नीचे गिर सकता है, जिससे 20 से 25 गांवों का संपर्क एक झटके में कट जाएगा। गौरतलब है कि धोन्धा नदी पर पुलिया के निर्माण की स्वीकृति लोक निर्माण विभाग द्वारा दी गई थी और इसका निर्माण सेतु लोक निर्माण विभाग के माध्यम से कराया गया था। बताया जा रहा है कि यह पुल लगभग वर्ष 2004–05 के दौरान बनाया गया था। निर्माण के समय ही ग्रामीणों ने घटिया गुणवत्ता को लेकर आपत्ति दर्ज कराई थी, लेकिन विरोध के बावजूद काम पूरा कर दिया गया। ऐसे में पूर्व में बरती गई लापरवाही आज क्षेत्र के लोगों के लिए खतरा बन चुकी है। ग्रामीणों का आरोप है कि पुल के ठीक बीचो-बीच बने कॉलम के निचले हिस्से में मजबूत आधार बेस नहीं बनाया गया। बिना ठोस फाउंडेशन के कॉलम खड़ा कर दिया गया, जिससे वर्षों बाद अब उसका असर सामने आ रहा है। स्लैब नीचे की ओर धंस रहा है और जगह-जगह दरारें साफ दिखाई दे रही हैं। जिस तरह से स्लैब धंस रहा है और पुलिया में दरारे पड़ रही है ऐसे में कभी भी पुलिया क्षतिग्रस्त हो सकती है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और लोक निर्माण विभाग से तत्काल स्थल निरीक्षण कर पुलिया की मरम्मत अथवा पुनर्निर्माण की मांग की है।



जर्जर पुलिया।

**टूट सकते है 20 से 25 गांव के संपर्क**

पुलिया के क्षतिग्रस्त हो जाने से 20-25 गांव के लोगों के आवागमन पर असर पड़ेगा। ग्रामीणों का कहना है कि इस पुलिया से रोजाना स्कूली बच्चे, किसान, मजदूर, ग्रामीण सहित भारी वाहन गुजरते हैं। पुल के ध्वस्त होने की स्थिति में न केवल आवागमन बाधित होगा, बल्कि क्षेत्र का विकास भी ठप पड़ जाएगा। पुलिया के क्षतिग्रस्त हो जाने से ग्रामीणों को वैकल्पिक मार्ग के अभाव में कई किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ेगी।

**आए दिन होती है दुर्घटना**

पुलिया में दरार पड़ जाने तथा बेस के धंसने से पुलिया ऊंची नीची हो गई है। ऐसे में पुलिया से गुजरने के दौरान कई वाहन सवार दुर्घटना का शिकार हो चुके है। हाल ही में एक बड़ी दुर्घटना भी हो चुकी है। बताया जा रहा है कि एक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पुलिया से नीचे गिर गया। गनीमत रही कि चालक ने समय रहते कूदकर अपनी जान बचा ली। इस घटना के बाद ग्रामीणों में दहशत और आक्रोश और बढ़ गया है।

**लिखा जाएगा पत्र**

इस मामले को गंभीरता से ली जाएगी। इस संबंध में संबंधित विभाग और कलेक्टर से चर्चा करूंगी। पुलिस के जर्जर होने पर जांच कराई जाएगी और यह पता किया जाएगा की पुलिया कब बनाया गया और विभाग से जांच करने पत्र लिखा जाएगा।

-ललिता भगत, एसडीएम प्रतापपुर

## तुलसी नाला में तेज रफ्तार अनियंत्रित कार गिरकर पलटी, तीन युवक गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर



शनिवार को अंबिकापुर -बनारस मार्ग में मारुति अर्टिगा कार तेज गति में अनियंत्रित होकर तुलसी नाला में गिरकर पलट गई,जिसमें कार सवार तीन युवकों को चोटे आई है,बताया गया कि आर्टिगा कार क्रमांक सीजी 30 एच 5275 में शनिवार की हुई घटना के बाद कार सवार युवक पलटी हुई कार में ही बुरी तरह फंस गए थे।

घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने पहले कार में फसे तीनों घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया है,प्राप्त जानकारी के अनुसार कार में श्रवण पिता लक्ष्मण, दीनानाथ पिता महाजन गोंड एवं रामबरन पिता ललई राम तीनों निवासी ग्राम बगड़ा,थाना त्रिकुंडा जिला बलरामपुर सवार थ,वे त्रिकुंडा से अंबिकापुर की तरफ़ जा रहे थे ,दोपहर करीब एक बजे वाहन चालक का अचानक नियंत्रण खोने से कार तुलसी नाला में जा पलटी जिसके बाद कार में सवार तीनों लोग वाहन के अंदर बुरी तरह फंस गए,सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी लटोरी अरुण गुप्ता, प्रधान आरक्षक दिलेश्वर,आरक्षक विकास कुमार मिश्रा एवं आरक्षक शोभनाथ मौके पर पहुंचे,पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से कार में फंसे सभी घायलों को बाहर निकालकर सीएचसी लटोरी भेजा है,हादसे के कारण कुछ समय के लिए मार्ग अवरुद्ध हो गया था,जिसे पुलिस द्वारा तत्परता से सुचारू रूप से चालू कराया गया। घायलों के विषय में पुलिस ने बताया कि कार चालक श्रवण को सिर और चेहरे में गंभीर चोटें आई हैं,अन्य दो घायलों को भी चेहरे एवं शरीर में चोटें आई हैं।


तीनों घायलों की स्थिति गंभीर होने के कारण उन्हें मेडिकल कॉलेज अंबिकापुर रेफर किया गया है,पुलिस मामले की जांच कर रही है।



## थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने परिजन ने लगाई एसपी से गुहार, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मणिपुर दर्रीपारा मोहल्ले में हुई मारपीट की घटना में किशोर को आरोपी बनाए जाने पर आज परिजन ने किशोर के मारपीट में शामिल नहीं होने तथा उसके साथ ही मारपीट किए जाने की शिकायत को लेकर पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। साथ ही किशोर के साथ मारपीट करने वाले युवकों के विरुद्ध अपराध दर्ज किए जाने की गुहार लगाई है। पुलिस अधीक्षक को सौंपे ज्ञापन में मणिपुर निवासी महेन्द्र मुण्डा आ. हीरा लाल मुण्डा (50 वर्ष) सहित परिजन व मोहल्ले के लोगों ने बताया है कि 15 दिसंबर की रात 16 वर्षीय पुत्र भोजन कर घर के सामने टहल रहा था। इसी दौरान रात लगभग 11.30 बजे दर्रीपारा निवासी गुरूप्रीत सिंह सिद्धु, आयुष दुबे, अमन दुबे व रितिक सोनवानी सहित लगभग 10 से 12 अन्य युवकों ने घेर लिया और जातिगत गाली गलौज करते हुए डंडे और हाथ मुक्का से बेदम पिटाई की। मारपीट से 16 वर्षीय पुत्र घायल हो गया। इधर मारपीट करने वाले युवकों ने केस में फसने के डर से उल्टा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया और किशोर को आरोपी बना दिया। वर्तमान में किशोर घायल हालत में बाल सम्प्रेषण गृह में निरुद्ध है। परिजन ने पुलिस अधीक्षक को बताया कि घटना दिवस के सीसीटीवी फुटेज में युवकों द्वारा किशोर के साथ मारपीट करते नजर आ रहे है जबकि किशोर अपने आप को बचाते हुए शोर मचा रहा है। इसके अलावा कुछ लोगों ने किशोर के साथ मारपीट करते देखा है। परिजन ने घटना की जांच किए जाने तथा किशोर के साथ मारपीट करने वाले युवकों के विरूद्ध अपराध दर्ज किए जाने की मांग की है।



## कोहरे की चादर में ढंका नगर आवागमन पर पड़ा असर

**प्रतापपुर।** शुक्रवार की रात 8.30 बजे से अचानक कोहरे की चादर से पूरा नगर ढक गया। लोगों ने बताया कि इस तरह का दृश्य पहली बार देखने को मिला है जब चारों तरफ धुंध ही धुंध ओस ही ओस था। कोहरे के कारण रात में चलने वाली वाहन भी रुक गए। कड़कड़ाती ठंड ने लोगों को यह याद दिला दिया न जाने कई वर्षों बाद ऐसा कोहरा और ठंड देखने को मिला है। पूरी रात कोहरा के चादर से पूरा नगर ढका रहा। सड़क किनारे खड़े लोग सड़क के दूसरी ओर पर भी नहीं देख पा रहे थे। लोगों ने कहा कि प्राकृतिक ने अपना स्वरूप बदल दिया है इस तरह का नजारा महानगरों में देखने को मिलता था मगर अब प्रतापपुर में भी इस तरह का दृश्य देखने को मिल रहा है। लोगों ने कहा कि हमने अपने 50 साल के उम्र में ऐसा नजारा नहीं देखा था। कोहरा के वजह से सामने से आ रही वाहन भी दिखाई नहीं पड़ रही थी। आज सुबह 12 बजे के आसपास सूर्य की रोशनी लोगों को देखने को मिला जो पूरा चर्चा का विषय रहा। उम्मीद किया जा रहा है कि जिस तरह का ठंड आज दिन में है फिर से यह नजारा देखने को मिल सकता है।

## विद्युत विस्तार की मांग लेकर ग्रामीणों का आंदोलन जारी, संगठनों ने दिया समर्थन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिहारपुर



भीषण ठंड के बीच चांदनी-बिहारपुर क्षेत्र के डेढ़ दर्जन गांवों में विद्युत विस्तार की मांग लेकर सरपंच संघ के ब्लॉक अध्यक्ष गजमोचन सिंह के नेतृत्व में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों का अनिश्चितकालीन आंदोलन 6वें दिन भी जारी रहा। कड़ाके की ठंड में आंदोलनकारियों के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है तथा लोग बीमार हो रहे हैं। ग्रामीण विपरीत मौसम के बावजूद विद्युत विस्तार शुरू होने के बाद ही आंदोलन समाप्त करने की जिद पर अड़े है।

क्षेत्र में विद्युत विस्तार की बहु प्रतीक्षित मांग को लेकर क्षेत्र के ग्रामीण आंदोलन के लिए एकजुट हो गए है। विपरीत मौसम में आंदोलनकारियों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। आंदोलन के 6 दिन गुजरने के बावजूद अभी तक आंदोलनकारियों से चर्चा करने कोई प्रशासनिक अधिकारी नहीं पहुंचा है जिसके कारण आंदोलनकारी आक्रोशित हैं और आंदोलन को उग्र करने की योजना बना रहे हैं। आंदोलनकारियों से बात करने क्षेत्र के जनप्रतिनिधि न ही सत्ताधारी दल के पदाधिकारी ही पहुंचे हैं जिससे आंदोलनकारी स्वंय को उपेक्षित महसूस कर रहे हैं। शनिवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुश्री शशि सिंह आंदोलन स्थल पर पहुंची एवं आंदोलनकारियों की मांग को सही बताया। उन्होंने तत्काल कलेक्टर, एसडीएम एवं डीएफओ से बात कर स्थिति से अवगत कराया तथा व्यवधानों का निराकरण कर विद्युत विस्तार कराने की बात कही। शशि सिंह ने आंदोलनकारियों को हर संभव मदद करने का भी आश्वासन दिया। गोंगपा के प्रदेश उपाध्यक्ष राम अधीन पोया भी अन्य पार्टी पदाधिकारियों के साथ शनिवार को आंदोलन स्थल पर पहुंचे तथा अपना समर्थन दिया। सरपंच संघ के जिलाध्यक्ष अमरदीप सिंह आयाम पदाधिकारियों के साथ अपना समर्थन देने आंदोलन स्थल पर पहुंचे थे। इस दौरान सरपंच गजमोचन सिंह, रनसाय खैरवार, शिवमंगल सिंह, संतलाल खैरवार सहित कल्याण सिंह, जितेंद्र साकेत, तुलसी, अशोक जायसवाल, लक्ष्मण जायसवाल आदि उपस्थित थे।

## गोंडवाना समग्र विकास क्रांति ने मनाया शहीद वीर नारायण सिंह का बलिदान दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ डांड़गांव

छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतंत्रता सेनानी वीर नारायण सिंह के बलिदान दिवस एवं गुरु घासीदास की जयंती उदयपुर में गोंडवाना समग्र विकास क्रांति आंदोलन के तत्वावधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता गोंडवाना समग्र विकास क्रांति आंदोलन के जिला संयोजक नवल सिंह वरकड़े द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता जयनाथ सिंह केराम, रितु पंद्राम, विशिष्ट अतिथि के रूप में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सूरज यादव एवं जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रैमुनिया करियाम, जनपद सदस्य श्रवण सिंह वरकड़े रहे।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम शहीद वीर नारायण चौक में पारंपरिक विधि-विधान से बैगा भुमका एवं गोंडी धर्माचार्यों के माध्यम से पूजा अर्चना कर शहीद वीर नारायण सिंह की छाया चित्र में माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। ग्राम डूमरडीह गोंडवाना सामुदायिक भवन प्रांगण में कार्यक्रम आयोजित किया गया जहां से पारंपरिक लोक नृत्य के साथ बड़ी संख्या में रैली निकाली गई। रैली अमर शहीद वीरनारायण सिंह चौक से पुनः कार्यक्रम स्थल में वापस आकर आम सभा किया गया। इस दौरान रामजीत आरमोर, मनोहर सिंह उईके, गनेश्वर सिंह टेकाम, समल सिंह अर्मो, ठाकुर सिंह अर्मो, अम्बिका पोर्ते, हुकुम साय आयम, मोहेलाल उईके, महेश कुसरो, मोहर साय कोर्राम, सीताराम पोर्ते, हीरासाय पोर्ते, अनिता सिंह वरकड़े, कलेश्वरी विजय कोर्राम, तुलसी मनोहर उईके, रमेश्वरी पोर्ते, अमृता सिंह कोर्राम, लक्ष्मी सिंह, सिंदराम, श्याम बाई आयम, दिनेश पावले, देव लोचन सिंह उईके, ठाकुर प्रसाद मरकाम, प्रदीप सिंह मरकाम, उमेश्वर सिंह पैकरा सहित अन्य शामिल रहे।



## मोहन बने आईटी सेल के जिला सदस्य

**ओड़गी।** भाजपा जिला अध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी के सहमति से भाजपा आईटी सेल के जिला संयोजक शिव कुमार राजवाड़े के द्वारा कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। जिसमे जिला कार्यकारिणी सदस्य के रूप मे ओड़गी क्षेत्र के युवा नेता मोहन राजवाडें को आईटीसेल का जिला कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है। मोहन राजवाडे ने कहा कि संगठन द्वारा मुझे जो जवाबदारी दी गई है उसमे खरा ऊतरने का पूर्ण प्रयास करूंगा।



## नव पदस्थ बीईओ प्रदीप सिंह ने किया पदभार ग्रहण

**ओड़गी।** विकास खंण्ड ओड़गी मे नवपदस्थ विकास खंण्ड शिक्षा अधिकारी के पद पर प्रदीप सिंह ने शुक्रवार को पदभार ग्रहण किया। साथ ही नवपदस्थ बीईओ श्री सिंह के पदभार ग्रहण करने से क्षेत्र में शैक्षणिक गुणवत्ता प्रशासनिक व्यवस्था एवं शासकीय योजनाओं के सही क्रियान्वयन की अपेक्षा की जा रही है। इस दौरान नव पदस्थ बीईओ प्रदीप सिंह ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में किसी भी प्रकार की कोताही और लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सब के सहयोग से शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर काम करेंगे और सभी को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले इस पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।



## विधायक ने किया सीएचसी व पोषण पुनर्वास केंद्र का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

- जीवन दीप समिति की बैठक में लिए गए अहम निर्णय

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजपुर में जीवनदीप समिति की साधारण एवं कार्यकारिणी सभा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्रीय विधायक श्रीमती उद्देश्वरी पैकरा भी शामिल हुई। इस दौरान विधायक श्रीमती पैकरा ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर स्थित पोषण पुनर्वास केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां भर्ती कुपोषित बच्चों एवं उनकी माताओं को दी जा रही स्वास्थ्य व पोषण संबंधी सेवाओं का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान विधायक ने स्पष्ट निर्देश दिए कि कुपोषित बच्चों के उपचार, पोषण आहार, देखभाल एवं स्वच्छता व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समय पर पात्र हितग्राहियों तक पहुंचना चाहिए।



बैठक में खंड चिकित्सा अधिकारी एवं जीवनदीप समिति राजपुर के सचिव डॉ. रमेश जायसवाल ने समिति के समक्ष विभिन्न बिंदुओं पर प्रस्ताव प्रस्तुत किए। चर्चा एवं समीक्षा के उपरांत ओपीडी संचालन को नियमानुसार दो पालियों में करने, दोनों पालियों में लैब सुविधा एवं दवा वितरण सुनिश्चित करने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। इसके साथ ही अस्पताल के पुराने भवन की मरम्मत, परिसर में सूख चुके पेड़ों की कटाई तथा अस्पताल की सुंदरता एवं स्वच्छता बढ़ाने के लिए आवश्यक कार्य कराने के प्रस्ताव भी स्वीकृत किए गए। जीवनदीप समिति के माध्यम से स्वास्थ्य केंद्र में आवश्यक मानव संसाधन की नियुक्ति, कार्यालयीन कार्यों के लिए स्टेशनरी एवं अन्य आवश्यक सामग्री की खरीदी के प्रस्ताव भी बैठक में पारित किए गए। बैठक की अध्यक्षता अनुविभागीय दंडाधिकारी एवं जीवनदीप समिति के अध्यक्ष देवेंद्र कुमार प्रधान ने की।

उन्होंने मरीजों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सर्दी के मौसम में प्रतिदिन सायंकाल फायर अलाव की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। साथ ही पोषण पुनर्वास केंद्र के निरीक्षण के दौरान निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार भोजन व्यवस्था सुनिश्चित करने, बच्चों के मनोरंजन के लिए खिलौनों की व्यवस्था तथा माताओं के लिए टेलीविजन उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए। बीएमओ डॉ. रमेश जायसवाल ने बताया कि जीवनदीप समिति की बैठक वर्ष में चार बार आयोजित की जाती है ताकि अस्पताल के प्रबंधन, सुविधाओं एवं सेवाओं की नियमित समीक्षा कर उन्हें और अधिक सुदृढ़ बनाया जा सके।

बैठक में जनपद पंचायत अध्यक्ष विनय भगत, उपाध्यक्ष आकाश अग्रवाल, नपं अध्यक्ष धरम सिंह, उपाध्यक्ष संजय सिंह, विधायक प्रतिनिधि प्रविण अग्रवाल, पार्षद महेंद्र गुप्ता, मंडल अध्यक्ष जगवंशी यादव, खंड कार्यक्रम प्रबंधक श्रीमती मोनू सोनी, मितानीन ट्रेनर सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान
डॉ. एल.सी. मढ़रिया MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी. ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन : 07752-402070, 228277,
मो. : 9826190123, 9669979123

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736